r> **Title:** Need to introduce a compound scheme for depositing all taxes.

SHRI AMAR PAL SINGH (MEERUT):

हमारे देश में करदाता चाहे वह व्यापारी हो या उद्योगपति हो उसका बहुत बड़ा उत्पीड़न हो रहा है । जितना टैक्स व्यापारी या उद्योगपति राजकोष में जमा करते हैं उसका लगभग ५० प्रतिशत भ्रष्टाचार के रूप में अधिकारी बिचौलियों को देना पड़ता है । हमारे देश का करदाता अपनी क्षमता के अनुसार कर देना चाहता है लेकिन वह उत्पीड़न से बचना चाहता है ।

अतः भारतीय राजकोष में अधिक धन जमा कराने हेतु वह व्यापारी और उद्योगपति को उत्पीड़न से मुक्त करने हेतु तथा अधिकारियों का भ्रष्टाचार रोकने हेतु मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि समस्त कर एकमुश्त योजना (कंपाउंड स्कीम) के अंतर्गत किया जाये । भले ही इस योजना के अंतर्गत व्यापारी और उद्योगपति जो आज सालाना टैक्स दे रहे हैं उसमें १५ प्रतिशत की ृद्धि क्यों न कर दी जायें ।